पत्र संख्या-स्था0-2-वा0क0अ0-पदोन्नति-2018-19/ 480 /वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश,
(स्थापना-अनुभाग)

लखनऊ :: दिनांक : 24 जून, 2020

// प्रोन्नति आदेश //

सचिव, उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज के पत्रांक- 94(ii)/06/पी/एस-5/2018-19, दिनांक 24-12-2018 व पत्रांक- 18(iv)/02/पी/एस-5/2019-20, दिनांक 22-06-2020 द्वारा उपलब्ध करायी गयी संस्तुति के क्रम में, निम्नांकित प्रशासनिक अधिकारियों को चयन वर्ष 2018-19 के सापेक्ष कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से वाणिज्य कर अधिकारी के पद पर वेतन मैट्रिक्स लेवल-8 (रु0 47600-151100) में एतद्द्वारा पदोन्नति प्रदान की जाती है :-

क्र0स0	संवर्ग का ज्येष्ठता क्रमांक	चयनित कार्मिक का नाम
1	2	3
1	1028ए	श्री भवनेश कुमार सक्सेना
2	1029	श्री अनिल कुमार तिवारी

(क) उपर्युक्त अधिकारियों की पारस्परिक ज्येष्ठता वाणिज्य कर अधिकारी संवर्ग में यथा समय बाद में नियमानुसार प्रचलित नियमों के अन्तर्गत निर्धारित की जायेगी।

(ख) उक्त नव पदोन्नत अधिकारियों को सम्बंधित जोनल एडीशनल कमिश्नर/ ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक)/डिप्टी कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर अपने कार्यालय में वर्तमान तैनाती के स्थान पर इस प्रतिबन्ध के साथ तत्काल कार्यभार ग्रहण कराने का कष्ट करें कि वह अग्रिम तैनाती के आदेशों तक अपने जोन के एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1 के निर्देशानुसार वर्तमान तैनाती के स्थान पर पूर्ववत कार्य करते रहेंगे।

(ग) उक्त अधिकारी प्रारम्भ में दो वर्ष की परिवीक्षा पर रहेंगे। यह अवधि यथा नियम बढ़ायी भी जा सकती है।

(घ) उक्त संबंध में यह भी स्पष्ट किया जाता है कि प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ में आधारभूत/ व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु नामित किये जाने पर यदि कोई अधिकारी प्रश्नगत प्रशिक्षण में सम्मिलित नही होगा तो यह माना जायेगा कि वह वाणिज्य कर अधिकारी के पद का कार्य, आवश्यक क्षमता व ज्ञान के साथ करने का इच्छुक नही है और उन्हें तत्काल प्रत्यावर्तित कर दिया जायेगा। आधारभूत /व्यावहारिक प्रशिक्षण, वाणिज्य कर अधिकारी के पद के दायित्वों का दक्षता से निर्वहन किये जाने हेतु अत्यन्त आवश्यक है और इसमें नामित किसी भी अधिकारी को इससे किसी भी आधार पर न तो छूट मिलेगी न ही अगले कोर्स में भाग लेने का प्रार्थना को माना जायेगा।

(च) उक्त सभी पदोन्नतियाँ रिट या0स0 61917/ 2008 बाबू खॉ बनाम राज्य सरकार व अन्य में पारित होने वाले निर्णय के अधीन सशर्त जारी की जा रही है।

(अमृता सोनी)
कमिश्नर।

क्रमशः...2

पृष्ठांकन पत्र संख्या एवं दिनांक : उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- उप सचिव, उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज को उनके पत्र संख्या- 02(1)/01/पी/एस-5/2017-18, दिनांक 22-06-2020 के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

2- संयुक्त सचिव, राज्य कर अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

3- महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

4- एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

5- एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर, बरेली को इस आशय से प्रेषित कि वे नव पदोन्नत अधिकारी के कार्यभार ग्रहण करने की सूचना आन लाइन माध्यम तथा हार्ड कापी के माध्यम से दिनांक 30-06-2020 तक मुख्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

6- जिलाधिकारी, बरेली।

7- मुख्य कोषधिकारी, बरेली।

8- अपर निदेशक, वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ।

9- आहरण वितरण अधिकारी, वाणिज्य कर, बरेली।

10- ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0)वाणिज्य कर,मुख्यालय को उक्त प्रोन्नति आदेश की प्रति इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि आदेश की एक प्रति तत्काल विभागीय बेबसाईट पर अपलोड़ कराने का कष्ट करें।

11- कम्प्यूटर आपरेटर (स्थापना राजपत्रिता) मुख्यालय।

12- स्था0-2 पटल (श्री आर्या/ श्री सनी/ श्री राहुल शर्मा) को संबंधित अधिकारियों की व्यक्तिगत पत्रावली हेतु।

13- चरित्र पंजिका पटल।

14- संबंधित अधिकारियों को नाम से।

24-06-2020

(डी0 के0 सचान)

ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्थापना) वाणिज्य कर,

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।